# हाई स्पीड रेल से भी जुड़ेगा जेवर एयरपोर्ट

## नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा नाम, वाराणसी, लखनऊ, आगरा भी जुड़ेंगे

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर में बनने वाले एयरपोर्ट के नाम, लोगो व डिजाइन को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। इसका नाम नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर होगा। इसके लोगों में राजकीय पक्षी सारस का अक्स है। यह लंदन, मॉस्को व मिलान एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा। इस एयरपोर्ट को दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल परियोजना और नोएडा से जेवर मेट्रो रेल परियोजना से जोड़ा जाएगा। एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार के स्तर पर योजना बनाई जा रही है।

नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हाई स्पीड रेल दिल्ली से नोएडा, जेवर, मथुरा, आगरा, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज, भदोही होते हुए वाराणसी तक जाएगी। 816 किमी लंबा सफर 300 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूरा किया जाएगा। हाई स्पीड रेल का स्टेशन जेवर एयरपोर्ट के पास बनाया जाएगा। इसके लिए हाई स्पीड रेल कॉरिडोर लिमिटेड, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और ज्यूरिख एयरपोर्ट के अधिकारियों के बीच बैठक भी हुई है।

**लोगो में राजकीय पक्षी सारस का अक्स**

### इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से भी जुड़ेगा

जेवर एयरपोर्ट को सड़क मार्ग के जरिए दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। हरियाणा के बल्लभगढ़ से गुजरने वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा।

**खास...**

4 चरणों में होगा निर्माण

**1.20** करोड़ यात्री प्रति वर्ष होगी क्षमता, 2050 तक 7 करोड़ करने की तैयारी